अमर उजाला

बरेली
शनिवार, 24 दिसंबर 2022
पौष शुक्ल-प्रतिपदा
विक्रम संवत-2079

PAGE NO 6 : TOP

पहले दिन हुए दो क्वालीफाइंग राउंड

ऑल इंडिया बैडमिंटन टूर्नामेंट : दूसरे राउंड के बाद 160 खिलाड़ियों ने तीसरे राउंड में किया प्रवेश

संवाद न्यूज एजेंसी

बरेली। डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से आयोजित योनेक्स सनराइज डॉ. अखिलेश दास स्मारक इंडियन सीनियर मेजर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। इस दौरान क्वालीफाइंग के दो राउंड के मुकाबले स्पोर्ट्स स्टेडियम और एसआरएमएस कॉलेज में कराए गए। दोनों राउंड में करीब 200 मुकाबले हुए और 160 खिलाड़ी तीसरे राउंड में पहुंचे।

इन खिलाड़ियों के बीच शनिवार को चौथे राउंड के लिए करीब 200 मुकाबले होंगे। 26 दिसंबर से मुख्य प्रतियोगिता स्टेडियम में होगी। इसमें नॉकआउट के आधार पर मैच होंगे। बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव अनिल मेहरोत्रा ने बताया कि 29 दिसंबर को फाइनल मैच होंगे।

इसमें पुरुष वर्ग के एकल, युगल और मिश्रित व महिला वर्ग में एकल, युगल के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद आठ से 14 साल तक की उम्र के खिलाड़ियों को एनआईएस कोच प्रशिक्षण देंगे।

सीनियर मेजर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट में स्मैश मारते खिलाड़ी। संवाद

प्रतियोगिता में दिल्ली, बंगाल, असम, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों के 1,130 वरीयता प्राप्त खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रतियोगिता का उद्घाटन कैंट विधायक संजीव अग्रवाल और मुख्य विकास अधिक जग प्रवेश ने किया। वहीं, एसआरएमएस कॉलेज में ट्रस्ट के संरक्षक देव मूर्ति ने प्रतियोगिता शुरू कराई।

इसमें बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डीएल खट्टर, उपाध्यक्ष राकेश टंडन, संयुक्त सचिव जगदीश खंडेलवाल, गौरव भसीन, संजीव मित्तल, देवेंद्र थापा, दीपक धवन, हिमांशु सिंह, एआर अंसारी, नवीन अरोड़ा और रेफरी अजय सिंह ने सहयोग किया।